हिन्दी अकादमी, दिल्ली

रा.रा. क्षे. दिल्ली सरकार

समुदाय भवन, पदम नगर, किशनगंज, दिल्ली–110007

कहानियों के रंग बच्चों के संग
बाल रंगमंच कार्यशाला–2022

अकादमी दिल्ली के विद्यालयों के विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास हेतु दिल्ली के 13 केन्द्रों में ''बाल नाटक कार्यशाला'' का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यशाला में सुप्रसिद्ध साहित्यकारों की शिक्षाप्रद कहानियों का नाट्य रूपांतर कर विद्यार्थियों को 25 मई से 23 जून, 2022 तक नाट्य विधा की बारीकियों और अभिनय कला से निःशुल्क अवगत कराया जायेगा।

अकादमी इन कार्यशालाओं हेतु बाल रंगमंच के क्षेत्र के युवा प्रशिक्षित अनुभवी दिल्ली के 40 वर्ष तक के निर्देशक और सहायक निर्देशक के रूप में इच्छुक प्रार्थियों से आवेदन आमंत्रित कर रही है। योग्य मामलों में 5 वर्ष की छूट दी जा सकती है। सचिव, हिन्दी अकादमी को सम्बोधित अपना आवेदन जिसमें प्रमाण सहित आवेदक का नाम, आयु, पता, दूरभाष और बाल रंगमंच के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव, 19 मई, 2022, सायं 5.00 बजे तक अकादमी के उपर्युक्त पते पर भेजें अथवा hindiacademyprogramme1@gmail.com पर मेल करें। निर्धारित तिथि व समय के बाद आने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

मानदेय :– निर्देशक–30,000/– रु0 सहायक निर्देशक–20,000/–रु0
निर्देशकों व सहायक निर्देशकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा।

साक्षात्कार

निर्देशक	–	21 मई 2022 पूर्वाह्न 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
सहायक निर्देशक	–	22 मई, 2022 पूर्वाह्न 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
स्थान	–	अकादमी कार्यालय

कार्यशाला का केन्द्र बनवाने हेतु इच्छुक विद्यालय भी अपनी सहमति 19 मई, 2022 तक सचिव, हिन्दी अकादमी को भेज सकते हैं।

सभी आवेदनों पर निर्णय लेने का अधिकार सचिव, हिन्दी अकादमी के पास सुरक्षित है।

23694663
23693118

डॉ. जीतराम भट्ट
सचिव